>

Title: Need to set up a CGHS dispensary in Indore or Ujjain in Madhya Pradesh.

श्री प्रेमचन्द गुड्डू (उज्जैन): सभापति महोदय, मध्य प्रदेश के इंदौर, उज्जैन, देवास जैसे मालवा के शहरों में केन्द्रीय सरकार के लगभग बीस हजार से अधिक सेवानिवृत कर्मचारी निवास करते हैं। उज्जैन धार्मिक स्थली होने के साथ-साथ इंदौर मध्य प्रदेश की वाणिज्यिक एवं सांस्कृतिक राजधानी के रूप में उभरा महानगर है। यहां के सेवानिवृत कर्मचारियों को इलाज हेतु भोपाल जाना पड़ता है। उन्हें दो सौ किलोमीटर से अधिक दूर जाना पड़ता है जिससे काफी परेशानी होती है। इसे देखते हुए केन्द्रीय सरकार कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति ने इंदौर के उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की थी। माननीय उच्च न्यायालय ने दिनांक 17.09.2008 के निर्णय में स्वास्थ्य मंत्रालय को डायरैक्शन दी थी कि सीजीएचएस की सुविधाएं इंदौर या उज्जैन में उन्हें प्राथमिकता के आधार पर प्रदान की जाएं।

इंदौर, उज्जैन, देवास के आसपास सीजीएचएस डिसपैंसरी नहीं है। इस पीड़ा को देखते हुए भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति द्वारा केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए समय-समय पर मांग की गई है।...(व्यवधान) सीजीएचएस डिसपैंसरी खोलने का अनुरोध किया गया है। मैं आपके माध्यम से निवेदन करता हूं कि इंदौर या उज्जैन में सीजीएचएस डिसपैंसरी खोली जाए। इससे हजारों की संख्या में लोगों को फायदा होगा।...(व्यवधान)